दिनांक 31.05.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ 31 मई 2018 को प्रतिवर्ष धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है। तथा धूमपान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जनचेतना विकसित करने हेतु प्रति वर्ष 31 मई को अन्तर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया जाता है। जिससे जन सामान्य में धुम्रपान के विरूद्ध सकारात्मक वातावरण निर्मित हो सके। 31 मई 2018 अन्तर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के निर्देशानुसार निगम के मुख्य कार्यालय सहित जोन के समस्त कार्यालय में नशा मुक्ति रैली, शपथ का कार्याक्रम आयोजित किया गया। निगम मुख्य कार्यालय में अधिकारी/कर्मचारियों को धुम्रपान नही करने की शपथ दिलाई गई निगम सभागार में रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री के डॉक्टरो के द्वारा उपस्थित रह कर अधिकारी/कर्मचारियों एवं आम नागरिकों का निःशुल्क चिकित्सा की सेवा प्रदान की गई। उपस्थित चिकित्सकों के द्वारा नसली पदार्थ के सेवन से होने वाली बीमारियों से लोगो को अवगत कराया साथ ही समझाईश दी गई कि धूम्रपान न करें। तथा गंभीर बीमारियों से बचे। आज आप लोग शपथ ले न हम धूम्रपान करेगें और सामाज में फैले इस बुराई को दूर करने में हम अपना पूरा सहयोग प्रदान करेगें। तथा आने वाली पीढियों को स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जा सकें। नगर निगम भिलाई के समस्त जोन क्रमांक 01, 02, 03, 04, 05, एवं 06 में धूम्रपान दिवस के अवसर पर जोन कार्यालय पर ही अधिकारी/कर्मचारियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई तथा धूम्रपान से होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। जोन–2 वैशाली नगर कार्यालय के द्वारा नशा मुक्ति रैली निकाल कर नशा मुक्ति के संदेश दिये गये साथ ही नशा पान नही करने वाले व्यक्तियों का सम्मान पुष्पहार से किया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी